Live हिन्दुस्तान .com

# नकली अंग्रेजी शराब निर्माण के अड्डे ध्वस्त,एक गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,लातेहार

Last updated: Thu, 30 Apr 2020 10:17 PM



बरवाडीह डीएसपी अमरनाथ,इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह और थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने पुलिस बल के साथ गुरुवार को खुरा में छापामारी कर नकली अंग्रेजी शराब निर्माण के अड्डे को ध्वस्त किया है। पुलिस ने अड्डे से चार पीस नकली शराब,रेपर और भारी मात्रा में शराब की खाली बोतल बरामद किया है।पुलिस ने मौके पर ही नकली अंग्रेजी शराब निर्माण में शामिल धंधेबाज अजय प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अजय अपने घर मे ही नकली अंग्रेजी शराब निर्माण करता था। इसमे शामिल एक अन्य धंधेबाज बिहार के औरंगाबाद के राजकुमार सिंह के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। जो अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। यह बरवाडीह में किराए के मकान में रहता है। डीएसपी अमरनाथ,इन्स्पेक्टर उदय प्रताप सिंह और थानेदार दिनेश कुमार ने बताया कि खुरा के अजय प्रसाद के घर मे नकली अंग्रेजी शराब निर्माण की सूचना मिली थी। एसपी प्रशांत आनन्द के निर्देश पर टीम का गठन किया गया और बिना देर किए नकली अंग्रेजी शराब निर्माण केअड्डे पर छापामारी की गई। उन्होंने बताया कि काफी दिन से वहां नकली अंग्रेजी शराब निर्माण किया जा रहा था और बरवाडीह सहित अन्य इलाकों में उसकी अवैध ढंग से बिक्री की जाती थी। वहाँ भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब बनाकर तैयार करने की सूचना थी,लेकिन लगता है छापामारी से पहले उसे हटा दिया गया ।

राजकुमार नकली शराब बनाने की लाता था सामाग्री

बरवाडीह के खुरा में नकली अंग्रेजी शराब बनाने के सामान को आरोपी धंधेबाज राजकुमार सिंह लाया करता था। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपी राजकुमार बिहार राज्य से स्प्रिट आदि सामान लाता था और अजय के घर मे नकली शराब का निर्माण दोनो मिलकर करते थे। नकली अंग्रेजी शराब निर्माण के इस रैकेट में और कितने लोग शामिल हैं,इस बारे में पता लगाया जा रहा है।

नकली शराब निर्माण अड्डे से बरामद सामान

बरवाडीह के खुरा में संचालित नकली अंग्रेजी शराब अड्डे से पुलिस ने जो सामान बरामद किया है,उसमे रॉयल स्टेग लेबल गया हुआ 375 एलएल के 17 खाली बोतल,इम्पेरियल ब्लू लेबल के 375 एमएल एवं 180 एमएल के 70 खाली बोतल,रॉयल चैलेंज लेबल लगा हुआ 375 एमएल के 17 खाली बोतल,सी ग्राम क्वॉलिटी व रॉयल स्टेग का 330 पीस शराब के खाली बोतल,रॉयल स्टेग का नकली स्टिकर 34 पेज तथा कटा हुआ नौ पीस और इम्पेरियल ब्लू का नकली 26 स्टिकर जिसके एक पेज में 22स्टिकर शामिल है।

Source: https://www.livehindustan.com/jharkhand/latehar/story-counterfeit-english-liquor-manufacturing-base-demolished-one-arrested-3185730.html